केन्द्रीय सूचना आयोग
द्वितय तल, अगस्त क्रांति भवन
भीकाजी कामा प्लेस, नई दिल्ली – 110066.
******

प्रथम अपील सं. CIC/AA/A/2017/86 दिनांक: 23.03.2017
संदर्भ संचिका सं. CICOM/A/2017/00080
CICOM/R/2017/00189

अपीलकर्ता : श्री हरबंस सिंह जसवाल, अधिवक्ता,
पॉकेट-ई, 138-सी, द्वितीय तल,
हंसराज स्मारक स्कूल के सामने,
दिलशाद गार्डन, दिल्ली - 110095.

निर्णय की तारीख : 23.03.2017

| | |
|---|---|
| आर.टी.आई. आवेदन की तिथि | 14.02.2017 |
| आर.टी.आई. के तहत सूचना प्रदान करने की तिथि | 28.02.2017 |
| प्रतिउत्तर देने वाले जन सूचना अधिकारी | श्री वी. के. शर्मा |
| प्रथम अपील दाखिल करने की तिथि | 08.03.2017 |
| आयोग में प्रथम अपील का डायरी सं. व तिथि | 116611/14.03.2017 |
| प्रथम अपीलीय अधिकारी के कार्यालय का डायरी सं. व तिथि | 86/15.03.2017 |

1. अपीलकर्ता ने आर.टी.आई. आवेदन के माध्यम से बारह बिंदुओं पर सूचनाएं मांगी थी जिसके प्रतिउत्तर में श्री वी. के. शर्मा, उप-पंजीयक व केन्द्रीय जन सूचना अधिकारी, सूचना आयुक्त (एस.बी.) कार्यालय द्वारा प्रदान की गई सूचना से व्यथित होकर अपीलकर्ता ने प्रथम अपील दाखिल की है ।

2. संबंधित संचिका का अवलोकन करने पर पाया गया कि अपीलकर्ता ने कुल बारह बिंदुओं पर सूचनाएं मांगी थी । जिसमें से बिंदु सं.1, 3, 4, एवं 6 से 12 तक में मांगी गई सूचनाएं सूचना अधिकार अधिनियम की धारा 2 (च) के तहत परिभाषित सूचना के दायरे में नहीं आती है, उल्लेखनीय है कि सूचना अधिकार अधिनियम की धारा 2 (च) के तहत एक जन सूचना अधिकारी केवल रिकार्ड में उपलब्ध सूचनाएं ही प्रदान कर सकता है । उक्त परिस्थितियों में श्री वी. के. शर्मा, उप-पंजीयक व केन्द्रीय जन सूचना अधिकारी, सूचना आयुक्त (एस.बी.) कार्यालय द्वारा प्रदान की गई सूचनाऐ बिल्कुल सही हैं तथा इसमें प्रथम अपीलीय अधिकारी के हस्तक्षेप की कोई आवश्यकता नहीं है ।

3. तद्नुसार अपील निस्तारित की जाती है ।

4. प्रस्तुत संदर्भ में अपीलकर्ता यदि इस आदेश/निर्णय से संतुष्ट न हों तो अधिनियम की धारा 19(3) के अंतर्गत द्वितीय अपील इस आदेश की प्राप्ति के 90 दिनों के अंदर केन्द्रीय सूचना आयोग, 'सी' विंग, अगस्त क्रांति भवन, भिकाजी कामा प्लेस, नई दिल्ली - 110066 में की जा सकती है ।

(आर. के. सिंह)
अपर सचिव एवं
प्रथम अपीलीय अधिकारी

O/C

प्रतिलिपि :
1. जन सूचना अधिकारी, आर.टी.आई. प्रकोष्ठ, केन्द्रीय सूचना आयोग, नई दिल्ली ।

C.I.C. ... RECEIVED 23 Mar 2017

24 MAR 2017